## एक नजर में



### बाल हितैषी ग्राम पंचायत गठन पहल में प्रशिक्षण

**उज्जैन।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत बाल हितैषी ग्राम पंचायत गठन पहल के तहत गत दिनों जनपद पंचायत उज्जैन के सभा कक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उज्जैन एवं घट्टिया ब्लाक की 42 ग्राम पंचायतों के आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं पर्वेक्षकों को मानसिक स्वास्थ, प्रजनन स्वास्थ, शिक्षा, संरक्षण, साइबर क्राइम , जेंडर भेदभाव आदि विषयों पर सहभागिता आधारित गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रियंका त्रिपाठी ने बच्चों सम्बंधित कानूनों किशोर न्याय अधिनियम 2015, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे मे विस्तार से बताया एवं बाल संरक्षण संबंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। वर्तमान परिदृश्य में ऑनलाइन खतरों और उनके महिलाओं, किशोर किशोरियों एवं बच्चों पर दुष्प्रभाव विषय पर राज्य साइबर उज्जैन के सहायक उप निरिक्षक हरेन्द्र पाल सिंह ने ऑनलाइन खतरों और उनसे बचने के उपायों को केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागियों को जानकारी दी। पावर (आदित्य बिरला एडुकेशन ट्रस्ट)के मनोवैज्ञानिक डॉ. निखिल मिश्रा ने मानसिक स्वास्थ की चुनौतियों एवं इससे निपटने के लिए मनोवैज्ञानिक टूल्स की तकनिकी जानकारी के साथ रेफेरल सेवाओं की बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने बताया कि मानसिक अस्वस्थ व्यक्ति के विचारों ,भावनाओं एवं व्यवहार पर निगरानी की जानी चाहिए ताकि समय रहते निदान किया जा सके। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम के जिला प्रतिनिधि योगेश नरुका द्वारा प्रजनन और यौन स्वास्थ्य विषयों के तहत माहवारी स्वक्षता, मानसिक स्वास्थ और हेल्पलाइन के अलावा, एड्स जैसी गंभीर बिमारियों के बारे में जानकारी और बचाव के उपाय से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। तकनीकी सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि ने बाल हितैषी ग्राम पंचायत की अबधारणा, घटकों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्कूली एवं शाला त्यागी किशोर-किशोरियों को उपरोक्त विषयों पर प्रशिक्षित करने के लिए सत्र एवं विषय वार मासिक कार्य योजना बनाई गई एवं प्रतिवेदन प्रारूपों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के अंत में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रियंका त्रिपाठी ने सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### जिला स्तरीय हुई गायन एकल एवं समूह स्पर्धाएं

**उज्जैन।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 8 नवंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत समूह गायन (भारतीय) एवं एकल गायन (सुगम एवं शास्त्रीय) का आयोजन संपन्न हुआ। समूह गायन (भारतीय) में शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दल प्रथम रहा, वहीं शासकीय कन्या कालिदास महाविद्यालय के दल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एकल गायन (सुगम) में शासकीय माधव महाविद्यालय के विमल उपाध्याय ने प्रथम, निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन की हर्षिता ने द्वितीय तथा निर्मला कॉलेज की मानसी मीणा एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय की दीपिका शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एकल गायन शास्त्रीय में पृथ्वीराज गौतम सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन प्रथम रहे वहीं शुभ्रा गोस्वामी शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन द्वितीय रही तथा दीपिका शर्मा शा .कालिदास स्ना. महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेष त्रिपाठी ने दिया। लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक इतिहास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमण एवं कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने सभी विजेताओं को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति ने कार्यक्रम में पधारे आगंतुक अतिथियों तथा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### जीत के बाद सुंदरकांड का आयोजन किया

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं। उज्जैन जिले में अर्पित यादव ने विजयी होकर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष का पद हासिल किया है। ऑनलाइन हुई वोटिंग में अर्पित यादव को 14,631 वोट प्राप्त हुए, जबकि अध्यक्ष पद के दूसरे प्रमुख दावेदार प्रीतेश शर्मा को 9,624 वोट मिले। प्रीतेश शर्मा को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। जीत के बाद अर्पित यादव ने महानंदा नगर स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया और भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की यह जीत भगवान के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के विश्वास की बदौलत मिली है। सुंदरकांड आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बताया गया कि मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव के लिए 20 जून से एक माह तक मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन वोटिंग कराई गई थी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिला, ब्लॉक अध्यक्ष और महासचिव तक के पदों के लिए मतदान हुआ था।




### कार्तिक मेले हुई गीतों की सुंदर प्रस्तुति

**उज्जैन।** कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर शुक्रवार को सदाबहार एवं बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुति का आयोजन सेवन स्टार म्यूजिकल ग्रुप एवं सुमित कुमार म्यूजिकल ग्रुप ने किया। सेवन स्टार म्यूजिकल ग्रुप के संचालक जेके जाहिद एंड ग्रुप एवं सुमित कुमार म्यूजिकल ग्रुप से कुमारी सलोनी मालवीय एंड ग्रुप द्वारा सुंदर गीतों की प्रस्तुति कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर दी गई। इस दौरान कार्तिक मेला सांस्कृतिक समिति के संयोजक गब्बर भाटी एवं पार्षद छोटेलाल मंडलोई ने कलाकारों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# महाकुंभ में रेल मार्ग से आएंगे करोड़ों श्रद्धालु, सुविधाएं जुटाने पर किया मंथन

## सिंहस्थ-2028 के तहत रेलवे कार्यों में तेज़ी लाने पर ज़ोर, 5 स्टेशनों पर बनेंगे होल्डिंग एरिया, मेला अधिकारी सिंह और एडीआरएम मीणा के बीच बैठक





**उज्जैन।** महाकुंभ में हवाई मार्ग से लेकर रेल मार्ग से करोड़ों श्रद्धालु महाकाल की नगरी उज्जैन आएंगे। वहीं सड़क मार्ग से भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर मध्य प्रदेश सरकार तैयारी कर रही है। खास तौर पर रेलवे विभाग भी सिंहस्थ को लेकर सक्रिय हो गया है और जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लगातार बैठकों का दौर चल रहा है।

आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के क्रम में, सिंहस्थ मेला अधिकारी सह संभागायुक्त आशीष सिंह और रेलवे के सिंहस्थ कार्यों के नोडल अधिकारी एडीआरएम के एल मीणा की अध्यक्षता में शनिवार सुबह सिंहस्थ के रेलवे कार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आगमन से होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, परिवहन, और स्थानीय भोजनालयों की आय में भारी वृद्धि हो रही, निर्माण कार्यों, व्यवस्था प्रबंधन, सुरक्षा, सफाई और अस्थायी सेवाओं के लिए स्थानीय लोगों के लिए अस्थायी और स्थायी रोज़गार के अवसर पैदा होते हैं। पूजा सामग्री, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और अन्य खुदरा व्यापार में अभूतपूर्व उछाल आ रहा है, स्थायी बुनियादी ढांचे के विकास के कारण उज्जैन में निजी और सरकारी निवेश आकर्षित होता है। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट सहित रेलवे और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### रेलवे ने बनाई करोड़ों की योजना

सिंहस्थ के दौरान रेलवे के द्वारा सिंहस्थ स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी। वहीं कई सारे दूसरे स्टेशनों का कायाकल्प भी किया जा रहा है। उज्जैन रेलवे स्टेशन से लेकर सभी 8 प्लेटफार्म पर सुविधाएं जुटाई जा रही है। वहीं मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के माध्यम से होने वाले बड़े कार्यो के तहत भी रेलवे अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। जहां-जहां सड़क मार्ग पर रेलवेओवर ब्रिज का निर्माण होना है। उसके लिए अधिकारियों ने मीटिंग और दौरे प्रारंभ कर दिए हैं। कुल मिलाकर रेलवे द्वारा भी करोड़ों के विकास कार्यों की योजना बनाई गई है। समीक्षा के दौरान, मेला अधिकारी सिंह और एडीआरएम मीणा ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अधिकारियों को नईखेड़ी, चिंतामण, पंवासा, मोहनपुरा और विक्रमनगर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाने का कार्य शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, रेलवे स्टेशनों तक पहुंचने वाले कनेक्टिंग मार्गों और प्लेटफ़ॉर्म के पहुंच मार्गों के निर्माण कार्य को भी अविलंब शुरू करने के निर्देश दिए गए, ताकि सिंहस्थ के दौरान यात्रियों का आवागमन सुगम बनाया जा सके। बैठक में कलेक्टर सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे रेलवे संबंधित कार्यों की रेलवे से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने में गति लाने पर ज़ोर दिया। साथ ही, शहर में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों को भी शीघ्र गति से पूरा करने के लिए चर्चा की गई और इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह मीटिंग सिंहस्थ के लिए रेलवे अवसंरचना को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का अनिवार्यत: पालन किया जाए-सिंह

उज्जैन। संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी आशीष सिंह ने आगामी सिंहस्थ 2028 महापर्व के अंतर्गत किये जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध में सुरक्षा की दृष्टी से आवश्यक आदेश जारी किये हैं। उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ 2028 का आयोजन एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य जैसे सड़क निर्माण, घाट निर्माण और अन्य अधोसंरचना विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों को करते समय सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके और तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। संभागायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत सभी निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी श्रमिकों को उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, दस्ताने, सुरक्षा जूते आदि प्रदान किए जाएं। सभी निर्माण स्थलों पर नियमित रूप से सुरक्षा निरीक्षण किया जाए। प्रत्येक निर्माण स्थल पर आपातकालीन प्रबंधन योजना भी तैयार की जाए। इसमें प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सेवाओं के संपर्क नंबर शामिल हों। श्रमिकों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाए। यह प्रशिक्षण उन्हें संभावित खतरों और उनके समाधान के बारे में जागरूक करेगा। यदि किसी भी निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने सभी संबंधीत विभागों को निर्देश दिये है कि वे उक्त आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें।

# पुलिसकर्मी बन बदमाशों ने वृद्धा से ठगे सोने के कड़े

## वारदात का सामने आया सीसीटीवी फुटेज, तीन की तलाश

**उज्जैन।** शनिवार को 2 शातिर बदमाश खुद को पुलिस बताकर एक वृद्धा से सोने के कड़े उतरवा कर फरार हो गए। बदमाशों ने चेन स्नेचिंग होने का डर दिखाकर वारदात को अंजाम दिया। व्यवसाई की पत्नी के साथ हुई वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस आधार पर पुलिस बदमाशों को तलाश रही हैं।

साईं नाथ कॉलोनी निवासी कपड़ा व्यवसायी प्रेमचंद जैन की पत्नी सरोज जैन रोज की तरह शनिवार सुबह करीब 10 बजे सुभाष नगर स्थित जैन मंदिर जा रही थी। इसी दौरान टेढ़ी खजूर के समीप बाइक पर खाकी ड्रेस पहने और हेलमेट लगाए दो युवक बाइक से पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताकर उन्हें रोका और उनसे 6 तौला वजनी करीब सात लाख रुपए की दो सोने की चूड़ी उतरवा कर ले उड़े। जैन के थाने पहुंचने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकाले। जिसमें दो नहीं तीन बदमाश होना सामने आए जिसके आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। बदमाशों का शिकार हुई सरोज जैन ने बताया कि वह मंदिर दर्शन के लिए जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ड्रेस में हेलमेट लगाकर बाइक पर आए दो युवकों ने रोका। कहा कि पास में चेन स्नेचिंग हो गई हैं। हम पुलिस वाले हैं। चूड़ी उतारकर रख लो। मैंने चूड़ी उतारकर रख ली। इसी दौरान उन्होंने बाइक सवार हेलमेटधारी युवक को रोका। उससे भी चेन स्नेचिंग होने का कह चेन उतरवा कर पुड़िया में रखवाई। फिर कागज फैलाकर मुझे भी चूड़ी उसमें रखने का कहा मैंने चूड़ी कागज में रखी उन्होंने पुड़िया बांधकर दी और चले गए, लेकिन उनके जाने के बाद पुड़िया खोलकर देखी तो चूड़ियां गायब मिली। नीलगंगा पुलिस के अनुसार हेलमेट पहने बाइक सवार बदमाशों की तलाश जारी है जिस रास्ते पर भेज हैं उन रास्तों पर लगे केमरों के फुटेज भी देखें जा रहे हैं।

### शराब के साथ गिरफ्तार जिलाबदर बदमाश को सजा

उज्जैन। जिलाबदर अवधि में हाथ भट्टी पर बनी कच्ची जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किये गये बदमाश को न्यायालय ने 13 माह बाद 1 साल की सजा के साथ 1.5 लाख के जुर्माने से दंडित किया है। खाराकुआं थाना पुलिस ने 21 सितंबर 2024 को सर्कल भ्रमण के दौरान योगमाया माता मंदिर के पीछे से हाथ भट्टी पर बनी कच्ची जहरीली शराब के साथ सूरज उर्फ बारिक पिता मोहनलाल मीणा 30 साल निवासी जबरन कालोनी को गिरफ्तार किया था। आरोपी जिलाबदर बदमाश भी होना सामने आया था। जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम के साथ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था। 13 माह चली सुनावई के बाद मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विन परमार ने फैसला सुनाते हुए आबकारी एक्ट में 1 साल और मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14,15 में 6-6 माह की सजा के साथ 1 लाख 5 हजार के अर्थदंड दंडित किया है। आरोपी को गिरफ्तार को गिरफ्तार कर मामला दर्ज करने में तत्कालीन एसआई गजा पटेल, लिवान कुजूर के साथ प्रधान आरक्षक महिपालसिंह, आरक्षक वीरेन्द्र शर्मा, वासुदेव का सहयोग रहा था। वहीं प्रकरण में सुनवाई के दौरान पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने की।

# घट्टिया पुलिस को मिली सफलता : झांसा देकर नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

## बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

**उज्जैन। 14 साल की बालिका को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।**

मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम खेरखेड़ी का है। 14 साल की बालिका कुछ दिन पहले लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से बालिका के जावरा में होने की जानकारी मिलते ही गुरुवार को पुलिस टीम पहुंची और बालिका को दस्तयाब किया। उसके साथ रतलाम के ग्राम थड़ोदा का रहने वाला कालू उर्फ विजयसिंह पिता गजराज राजपूत 22 साल मिला। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और घट्टिया लेकर आई। जहां बालिका से पूछताछ में सामने आया कि विजय उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। उसकी पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी, कुछ माह तक बातचीत हुई और विजय घट्टिया आकर उसे ले गया था।

थाना प्रभारी करण खोवाल के अनुसार मामले में अपहरण के साथ दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा का इजाफा कर आरोपी को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बालिका को दस्तयाब करने और आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा, प्रधान आरक्षक मानसिंग आर्य, आरक्षक बनवारी यादव, महिला आरक्षक हेमलता बैरागी का सहयोग रहा।

### दो संस्थानों के विरुध्द अर्थदण्ड रोपित किया

**उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में लगातार खाद्य सुरक्षा विभाग, द्वारा लगातार नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।**

इसी कड़ी में पूर्व में पंवासा स्थित सोनू रेस्टोरेंट से लिए गए जैन मिल्क केक एवं हलवा के सैंपल जांच हेतु लिए गए थें, जिन्हें राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया था। जिसमें खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, विनियम का उल्लंघन पाया गया। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत शर्मा द्वारा न्यायालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण पेश किया गया, जिसमें अतेंद्र सिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, द्वारा विगत 6 नवम्बर को निर्णय पारित करते हुए जैन फूड्स कंपनी एवं सोनू रेस्टोरेंट पर एक लाख रुपए का अर्थदण्ड रोपित किया गया साथ ही पंवासा स्थित प्रजापति बेकरी के प्रोपराइटर के विरुध्द पचास हजार रुपये का अर्थदण्ड रोपित किया गया।

# सेंट्रो कार में कच्ची शराब के साथ मिला पाड़े का मांस

**उज्जैन।** अवैध शराब की सूचना पर पुलिस ने कार को रोका तो उसमें शराब के साथ पड़े का मांस भरा होना भी सामने आया। अवैध परिवहन के मामले में पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।

तराना थाना पुलिस ने बताया कि शनिवार को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तराना से खारपा रोड के रास्ते से एक सेन्ट्रो कार में अवैध शराब लेकर जाने वाली है। सूचना पर पुलिस टीम का गठन कर तत्काल रवाना किया गया। पुलिस टीम को खारपा रोड नदी पुल के पास एक कार जाते हुए दिखी जिसे ओवरटेक कर रोका गया, कार के रुकते ही उसमे से चालक गाड़ी से उतकर भागने का प्रयास करना लगा। जिसे पुलिस टीम ने पकड़ा व नाम पता पूछा, चालक ने अपना नाम नाशिर पिता मंजूर कुरैशी 30 साल निवासी सम्राट नगर मुजम्मिल मस्जिद आगर नाका उज्जैन बताया। गाडी की तलाशी लेने पर पीछे डिक्की में दो नीले रंग की केन रखी हुई पायी गई। केन के ढक्कन को खोलकर देखा गया दोनों केनों में करीब 30-30 लीटर कच्ची शराब भरी हुई थी। कार की बीच वाली सीट के पास एवं सीट पर छ: प्लास्टिक की बोरियां थी जिनमे पाड़े का मटन जैसा पाया गया। वाहन चालक नासिर से कच्ची शराब एवं पाड़े का मटन ले जाने के संबंध में लाइसेंस मांगा गया जिसने अपने पास कोई भी लाइसेंस या कागजात नहीं होना बताया। आरोपी से सेंट्रो कार में अवैध परिवहन करते शराब व पाड़े का मटन मय कार के जब्त किया गया। मामले में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम , 11 पशु क्रूरता अधिनियम, 8/11 मप्र कृषक पशु परिरक्षणअधिनियम 1959 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी रामनारायणसिह भदौरिया ने बताया कि कार्रवाई में उप निरीक्षक हरिराम अंगोरिया, आरक्षक दीपक पटेल, अमरदीपसिंह, अर्चित शर्मा, आनंद का सराहनीय योगदान रहा।

**भगवान कृष्ण का माह** | हिंदी पंचांग का नौवा महीना, कृष्ण की बाल रूप में करें पूजा

# अगहन शुरू, भगवान कृष्ण को समर्पित है यह महीना, इसमें स्नान-दान व पूजा का महत्व

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** अगहन मास 6 नवंबर गुरुवार से शुरू हो गया। यह महीना भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। इस मास में स्नान-दान व पूजा का खास महत्व बताया गया है। हिंदी पंचांग का यह नौवा महीना कहलाता है। इस मास में भगवान श्री कृष्ण की बाल रूप में पूजा करने का विधान बताया गया है।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि अगहन मास को मार्गशीर्ष मास भी कहा जाता है। यह 4 दिसंबर तक रहेगा। श्रीकृष्ण के भक्तों के लिए इस महीने का खास महत्व है, क्योंकि इसे श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है। स्वयं श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में



अर्जुन से कहा है कि मासानां मार्गशीर्षोऽहम् यानी सभी महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूं। इस कारण इस महीने में श्रीकृष्ण और उनके अवतारों की विशेष पूजा की जाती है।

हिन्दी पंचांग में जितने भी महीने है उनके नाम नक्षत्रों के आधार पर पड़े है। जो मास नौवें महीने की पूर्णिमा तिथि पर पड़ता है वह मृगशिरा नक्षत्र के नाम से मार्गशीर्ष कहलाता है। क्योंकि मृगशिरा को संस्कृत में मार्गशीर्ष कहते हैं। इसका एक प्रमुख नाम अगहन भी है।

अगहन मास में दान, पुण्य, जप, तप, स्नान और पूजा करना बताया गया है। इससे शुभ फल की प्राप्ति होती है। पवित्र नगरियों में स्थित नदियों में स्नान करना बताया गया है। उज्जैन में शिप्रा में स्नान का महत्व है। स्नान बाद सूर्य को अर्ध्य, तिल-गुड़, अन्न, वस्त्र और गौदान का भी विधान बताया गया है।

### सांदीपनि आश्रम में कृष्ण और बलराम को पहनाए गर्म वस्त्र



उज्जैन। नगर में ठंड बढ़ते ही भगवान को भी इससे बचाने के जतन मंदिरों में शुरू हो गए है। मंगलनाथ मार्ग पर प्रसिद्ध सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण, बलराम व सुदामा जी को श्रृंगार के बाद वस्त्र की जगह ऊन के स्वेटर पहनाए गए। ठंड के दिनों में हर वर्ष परंपरा अनुसार भगवान को गरम वस्त्र पहनाए जाते हैं। वहीं भोग में भी गरम सामग्री परोसी जाती है तो जब कड़ाके ठंड पड़ती है तो गरमी के लिए सिगड़ी भी जलाकर रखी जाती है। पुजारी व्यास परिवार की सदस्य कीर्ति व्यास ने बताया कि आश्रम में भगवान बाल रूप में विराजित है। इसलिए ठंड से बचाने के लिए जतन किए जाते हैं। ऊनी वस्त्र पहनाने के साथ ही भगवान को गरम केसरिया दूध जलेबी का भोग लगाया जा रहा है।